सोशल आडिट निदेशालय

(उ0प्र0 सोशल आडिट संगठन के अधीन)

7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001

Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in, Website: socialauditup.in

पत्रांक: 552/सो0आ0नि0–349/2017
दिनाँक: 12 दिसम्बर, 2017

प्रेषक,

निदेशक
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद तथा कासगंज को छोड़कर),
उत्तर प्रदेश।

विषयः **सोशल आडिट हेतु जिला विकास अधिकारियों की बैठक दिनांक 15–12–2017 के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया वर्ष 2017–18 में सोशल आडिट के सदस्यों एवं ब्लाक रिसोर्स परसन्स के प्रशिक्षण एवं जनपदों में चयनित विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट की प्रक्रिया प्रारम्भ की जानी है। सोशल आडिट के सम्बन्ध में भारत सरकार/राज्य सरकार की नीतियों एवं सोशल आडिट की सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कार्य–प्रक्रिया की जानकारी देने एवं विचार विमर्श के उद्देश्य से दिनांक **15–12–2017 को पूर्वान्ह 11:00 बजे "सोशल आडिट निदेशालय, 7वॉ तल, पी0सी0एफ0 भवन, 32 स्टेशन रोड, लखनऊ स्थित सभागार"** में आपकी बैठक आयोजित की गई है।

कृपया 15–12–2017 को आयोजित उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का कष्ट करें। सूच्य है कि बैठक में स्वयं प्रतिभाग करें, प्रतिस्थानी को न भेजा जाए।

संलग्नक–एजेण्डा बिन्दु

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक

पत्रांक: 552 /सो0आ0नि0–349/2017, तद्दिनांक

प्रतिलिपि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त बैठक में अपने जनपद के जिला विकास अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

(राजवर्धन)
निदेशक

दिनांक 15–12–2017 को आयोजित जिला विकास अधिकारियों की बैठक के <u>विचारणीय एजेण्डा बिन्दु।</u>

1– वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए टीमों के गठन एवं प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।
2– सोशल आडिट टीम के पैनल में नामित सदस्यों की विकास खण्डवार सूचना (संख्या में)
3– BRP के पैनल में नामित सदस्यों की संख्या एवं सूची।
4– सोशल आडिट टीम एवं BRP के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।
5– आगामी सत्र हेतु वर्ष 2016–17 में मनरेगा के अन्तर्गत कराए गए कार्यों की रिपोर्ट को सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार डाउनलोड करने की व्यवस्था के सम्बन्ध में।
6– पंचायती राज विभाग द्वारा चिन्हित ग्राम पंचायतों में पंचायत कार्यों के सोशल आडिट करने के सम्बन्ध में।
7– महात्मा गांधी नरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पाई गई कमियों तथा उनके निस्तारण की स्थिति।
8– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के व्यवसायिक शुल्क के भुगतान की स्थिति।
9– वर्ष 2016–17 में सम्पन्न सोशल आडिट के सारांश प्रेषण की स्थिति।
10– जिला/ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटरों के व्यवसायिक शुल्क के भुगतान की सूचना प्रत्येक माह की 05 तारीख तक निदेशालय को उपलब्ध कराया जाना।